**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

## प्रेस-नोट

**दिनांकः- 14/09/2025**

**विषयः- थाना लंका पुलिस द्वारा नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट/अपहरण/सट्टेबाजी/जुआं की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी व गुमशुदा बालक/ बालिकाओ की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह के तहत सघन चेकिंग अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के व प्रभारी निरीक्षक थाना लंका के नेतृत्व में दिनांक 14.9.2025 को थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 366/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त प्रिंस पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम गुमटो पोस्ट सिकरी थाना नीलोखेडी जिला करनाल हरियाणा हुलिया उम्र करीब 29 वर्ष को लंका वी 2 माल के पीछे से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना लंका पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पीड़िता/ अपहृता पूर्व में बरामद हो चुकी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**प्रिंस पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम गुमटो पोस्ट सिकरी थाना नीलोखेडी जिला करनाल हरियाणा उम्र करीब 29 वर्ष।

**घटना का विवरण –**

दि0 08.09.2025 को आवेदक द्वारा अपनी 17 वर्षीय पुत्री जो V2 Mall लंका गई थी जो अभी तक घर वापस नही आने के सम्बन्ध में थाना लंका में दिए गए प्रार्थना के आधार पर थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी में मु0अ0सं0- 0366/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**अभियुक्त का पूछताछ विवरण:-** अभियुक्त प्रिंस पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम गुमटो पोस्ट सिकरी थाना नीलोखेडी जिला करनाल हरियाणा उम्र करीब 29 वर्ष पूछने पर बता रहा है कि मैं उक्त नाबालिक बालिका के साथ दिनांक 08.09.2025 को वाराणसी बस स्टैण्ड से आगरा होते हुए चण्डीगढ़ गया था जहाँ पर मैने उसे एक होटल मे रोका था फिर दिनांक 12.09.2025 को जब सुबह मै वापस होटल उससे मिलने आया तो वह वहाँ पर नही थी जिसे खोजने के लिए मै पुनः वाराणसी वापस आया था, कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समयः -** दिनांक 14.9.2025 को, स्थान- लंका वी 2 माल के पीछे से

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजकुमार थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज सिंह थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 गुलाव चन्द्र थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अमित सिंह थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**